केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के लिए गठित होगा तकनीकी सलाहकार समूह

जाब्यू, नई दिल्ली : केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट में तेजी लाने के लिए तैयारियों को गति दी गई है। प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण और समुचित पुनर्वास को लेकर उच्च स्तरीय तकनीकी सलाहकार समूह का गठन किया जाएगा। पन्ना टाइगर रिजर्व और पर्यावरण प्रबंधन योजना के लिए ग्रेटर पन्ना लैंडस्केप परिषद का भी गठन किया जाएगा, ताकि पन्ना टाइगर रिजर्व को केन-बेतवा परियोजना से संभावित नुकसान से संरक्षित किया जा सके। केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के चालू होने के साथ ही पन्ना टाइगर रिजर्व का एक हिस्सा डूब जाएगा, जिसके लिए वैकल्पिक उपाय पर विचार किया जा रहा है। इसके मद्देनजर ग्रेटर पन्ना परियोजना के तहत पर्यावरण प्रबंधन योजना तैयार की गई है। इसे लागू करने के लिए ही ग्रेटर पन्ना लैंडस्केप परिषद के गठन का प्रस्ताव है। नदी लिंक प्रोजेक्ट के डूब के दायरे में रिहायशी क्षेत्र भी आएंगे, जिसके लिए भूमि के अधिग्रहण और पुनर्वास की नीति पहले ही तैयार कर ली गई है। इन मसलों पर विचार करने के लिए ही तकनीकी सलाहकार समूह के गठन का प्रस्ताव है। मप्र व उप्र से लगे बुंदेलखंड के 13 जिलों को इस प्रोजेक्ट का फायदा मिलेगा।